# बीएलडीसी तकनीकी के साथ दुनिया का सबसे पहली एयर कूलर भारतीय बाजार में पेश

अहमदाबाद। एवोपरेटिव एयर कूलरों में वैश्विक अग्रणी कंपनी सिम्फनी लिमिटेड ने बीएलडीसी टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित दुनिया की सबसे पहली एयर कूलर रेंज लॉन्च की। अत्यधिक ऊर्जा कुशल ऐसी बीएलडीसी एयर कूलर रेंज, अन्य कूलरों की तुलना में 60 प्रतिशत तक कम बिजली की खपत करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रति वर्ष दो हजार रूपये तक की ऊर्जा की बचत होती है। कंपनी ने बीएलडीसी रेंज में 80 लीटर, 55 लीटर और 30 लीटर क्षमता के 3 मॉडल लॉन्च किए हैं। अत्यधिक ऊर्जा कुशल होने के अलावा इसमें अतिरिक्त सुविधाओं जैसे 7 गति विकल्प, 8 घंटे तक की नाइट स्लीप मोड, टचस्क्रीन कंट्रोल पैनल आदि भी हैं। सिम्फनी कूलर्स को इस तरह से बनाए गए है जो प्रति वर्ष 18 पेड़ लगाने के बराबर कार्बन फुटप्रिंट को कम करते है और एयर कंडीशनर की तुलना में केवल 10 प्रतिशत ऊर्जा की खपत करते है। इस विषय पर टिप्पणी करते हुए सिम्फनी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अचल बकेरी ने कहा सिम्फनी में हम कल के बारे में आज सोचते हैं। हमारा प्रयास हमेशा ग्रह और इसके निवासियों के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करना रहा है, जो हमारे ब्रांड टैगलाइन थिंकिंग ऑफ टुमॉरो के माध्यम से परिलक्षित होता है। हमें यकीन है कि इस नई एयर कूलिंग रेंज के साथए सिम्फनी एयर कूलिंग के भविष्य में क्रांति लाएगी और उपभोक्ताओं मे कूलिंग समाधान के वैश्विक ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करेगी। सिम्फनी की बीएलडीसी उत्पाद श्रृंखला भारत में निर्मित है और कंपनी ने देश के भीतर आपूर्ति के लिए संपूर्ण इकोसिस्टम को विकसित किया है। ब्रशलेस डीसी इलेक्ट्रिक मोटर्स बीएलडीसी में स्थायी चुंबक होते हैं जिसके परिणामस्वरूप कम हीट लोस होता है, जिससे मोटर ऊर्जा कुशल होती है और बिजली की खपत कम हो जाती है। विजय सेल्स के सीएमडी नीलेश गुप्ता ने कहा प्रौद्योगिकी, आधुनिकीकरण और उपभोक्ता प्रथम दृष्टिकोण के लिए जाना जाने वाला, सिम्फनी एयर कूलरए एयर कूलर के ग्राहकों के लिए पहली पसंद बना हुआ है।